Hindustan Media Ventures Limited

Corporate Office: 5th Floor, Lotus Tower, A- Block,
Community Centre, New Friends Colony,
New Delhi- 110025
Tel.: 011-66561234
E-mail : hmvlinvestor@livehindustan.com
Website: www.hmvl.in
CIN : L21090BR1918PLC000013

26th August, 2024

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
**Mumbai - 400 001**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
**Mumbai - 400 051**

**Scrip Code: 533217**

**Trading Symbol: HMVL**

**Sub: Newspaper advertisement-Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Re: 14th (Post-IPO) Annual General Meeting (AGM) of the Company via video conferencing/other audio visual means**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of relevant page of **"Mint"** (English) and **"Hindustan"** (Hindi) newspapers, published on 26th August, 2024, intimating Members regarding the 14th (Post-IPO) AGM of the Company scheduled to be held on Thursday, 26th September, 2024 via video conferencing/ other audio visual means, along with other related information.

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Hindustan Media Ventures Limited**

Nikhil Sethi
Digitally signed by Nikhil Sethi
Date: 2024.08.26 12:04:10 +05'30'

**(Nikhil Sethi)**
**Company Secretary**

Encl.: *As above*

# AI in ads slashes costs, but tests law, privacy

Several commercials featuring celebrities have incorporated AI elements

Varuni Khosla & Pratishtha Bagai
NEW DELHI/MUMBAI

A seemingly ordinary ad slipped into a mainstream newspaper earlier this month. At first glance, it appeared like any other—three models posing against a warm sunset. But on closer look, something seemed off. The faces weren't real, but generated by artificial intelligence (AI). It was part of a campaign by Tata CLiQ Luxury, which has quietly been replacing human models with AI-generated images in its print ads for nearly a year. The result is eerie and far from perfect.

AI in advertising isn't entirely new. Over the past 8-10 months, several television commercials featuring celebrities have incorporated AI elements. While Tata CLiQ's AI models have mostly gone unnoticed, online travel agency Yatra faced legal trouble. In May this year, a woman alleged that her likeness had been used without permission in one of Yatra's AI-driven ads, leading to legal action against the company.

Phoenix Malls and jewellery maker Joyalukkas have also tried their hand at AI-generated print campaigns. The technology's ability to replicate human-like figures is evolving rapidly, and some believe it could reshape the advertising landscape.

AI is making it cost-effective for brands to produce ads, eliminating the need for real models, exotic locations, and expensive post-production work, said Karthik Srinivasan, a Bengaluru-based communications consultant.

Srinivasan, however, agrees that the quality of AI-generated ads is still lacking. "...that could be intentional—perhaps to ensure readers don't mistake the AI models for real people," Srinivasan said. "But it raises another question: if the models aren't real, are the clothes they're showcasing even real?"


Jewellery maker Joyalukkas has also tried its hand at AI-generated print campaigns. The technology's ability to replicate human-like figures is evolving rapidly. MINT

Tata CLiQ declined to comment on this story.

Yatra, in response to queries about its AI ad, said: "We prioritize ethical practices and ensure that all our creative materials are sourced responsibly and with proper licensing. As confirmed by our creative agency, the image used in our print advertisement was sourced from 'Adobe Stock Images' by our creative agency in accordance with their licensing terms with them."

**70%**
Savings made by brands through AI campaigns & ads

AI-generated ads come with own challenges. Concerns over privacy, deepfakes, and accuracy are pushing the industry towards stricter guidelines and self-regulation.

When a voice, likeness or feature is used, it can impinge on personality rights, said Delhi-based lawyer, Dhruv Garg, a technology law and policy expert. Many courts in India have ruled that personality rights cannot be violated for commercial purposes without taking a licence, he said.

AI generates content based on data sets. While some campaigns use licensed work, others may not and usually run a disclaimer. "...But at this point, there is no specific law on AI in India. It is just personality rights and other intellectual property laws will apply in any cases of infringement," Garg said.

AI-generated ads not only help large brands cut costs but are also democratizing content creation for smaller companies with limited budgets.

"When companies use AI to generate any sort of advertisement creatives, irrespective of whether they are static or not, they save at least 70% of what they would have spent if they had done a shoot," said Rashi Agarwal, founder of Megalodon, which creates AI-based advertisements for companies like Reliance Industries-owned Ajio and travel companies like Club Mahindra. "Good AI tools can help create the same kind of content with the same type of feel in less time using fewer resources."

# RCap lenders red-flag IIHL's debt plan

Priyanka Gawande
priyanka.gawande@livemint.com
MUMBAI

The committee of creditors (CoC) of Reliance Capital (RCap) has raised concerns over the term sheets submitted by IndusInd International Holdings Ltd (IIHL), a Hinduja Group entity, for a proposed debt raise of ₹7,300 crore.

Earlier this month, the National Company Law Tribunal (NCLT) instructed IIHL to provide the requested term sheets to the lenders as part of the implementation of the resolution plan for Reliance Capital. IIHL agreed to submit these documents during a meeting of the Monitoring Committee, contingent upon maintaining stakeholder confidentiality.

However, tensions have arisen between the CoC and IIHL due to delays in executing the resolution plan, which was approved by the NCLT in February.

The creditors' concerns centre on the stringent conditions attached to the ₹7,300 crore debt offering. Some of these conditions can only be fulfilled after the resolution plan is executed, complicating the drawdown of funds required to settle payments to Reliance Capital's lenders.



Reliance Capital creditors' concerns centre on the stringent conditions attached to the ₹7,300 crore debt offering. MINT

"IIHL has secured funding basis various conditions that travel well beyond the resolution plan. These conditions include transfer of 26% shareholding in the insurance companies to Hinduja Group company Aasia, delisting of shares and debentures of RCAP, creation and perfection of security in favour of lenders to IIHL, and issuance of new unlisted RCap NCDs, etc," said one of the lenders, speaking on condition of anonymity.

The term sheets also suggest that additional terms and conditions may be introduced in the final binding agreements. Consequently, the CoC has requested that IIHL provide these definitive documents for review.

IIHL has enlisted 360 One and Barclays to raise ₹7,300 crore in debt, with 360 One tasked with raising ₹5,000 crore and Barclays responsible for the remaining ₹2,300 crore.

Key conditions in the term sheet include pledging equity shares of Reliance Capital Limited issued to IIHL, delisting existing debentures and equity to facilitate the issuance of new equity to IIHL and debentures to new lenders, and establishing a first-ranking hypothecation over all RCapital assets.

A Non-Disposal Undertaking (NDU) is also proposed on the equity securities of Reliance Asset Reconstruction Company (RARC) held by RCAP, which must be executed as a Condition Precedent, with RCAP required to file the necessary forms with the DP.

Meanwhile, on Thursday, the CoC filed a fresh application with the Delhi bench of the National Company Law Appellate Tribunal (NCLAT), seeking forfeiture of IIHL's equity component of ₹2,750 crore in the event of a default by the Hinduja Group-owned company.

# Infosys scouting for acquisitions, says CEO

PTI
feedback@livemint.com
NEW DELHI

After two acquisitions this year, India's second-largest IT services company Infosys is on the lookout to scoop-up more firms and says the acquisition matching scale of recent in-tech buy is certainly a possibility.

In an interview to *PTI*, Infosys CEO Salil Parekh said the company is keen on acquisitions in areas like data analytics, SaaS, and may look at some geographies within Europe, and the US.

Asked if more acquisitions could be of the scale matching in-tech, which came with a price-tag of €450 million, Parekh said, "Absolutely, I think those would be the size that we will look at in terms of size, and given our structure we could do a few of those."

**The firm is keen on acquisitions in areas like data analytics, SaaS; may look at Europe, and the US**

Back in January, Infosys announced a definitive agreement to acquire 100 per cent of the equity share capital in InSemi Technology Services, a semiconductor design services company headquartered in India, for a consideration (including earn-outs, and management incentives and retention bonuses) totalling up to ₹280 crore.

A bigger acquisition followed in three months. In April, Infosys Germany, a wholly-owned step-down subsidiary, entered into a definitive agreement to acquire 100% of the equity share capital in in-tech Holding—leading provider of engineering R&D services headquartered in Germany—for a consideration of up to €450 million euros (about ₹4,045 crore).

"...we have very good business in engineering services already within Infosys and then we did those two acquisitions, both of them in engineering services, one on semiconductor side and one on the automotive side... very strong businesses, and we feel quite good about expanding that footprint," Parekh said. Infosys is eyeing more acquisitions, he said, adding that the company is evaluating several firms.

Parekh, however, said a lot depends on strategic synergies, financial cost, cultural fit and integration aspects.

Hindustan Times FIRST VOICE. LAST WORD.

EXPLORE UNMISSABLE STORIES ON
PAGE ONE PLUS

BITE-SIZED STORIES | INFOGRAPHICS | IN-DEPTH ANALYSIS



Stay updated on pressing local & global issues with
Hindustan Times FIRST VOICE. LAST WORD.

hindustantimes htTweets www.hindustantimes.com

नियम 92 (1) (क) (ii))
ई–निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन, 5850 दिनांक : 23/08/2024
नगर पालिक निगम ग्वालियर

जनसंपर्क RO क्रमांक 410 //निविदा सूचना// दिनांक : 23-08-2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://gmc.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_ 365063_1 22.08.2024 | वार्ड क्र. 64 ट्रांसपोर्ट नगर में आर.सी.सी. नाला मरम्मत व पटाव कार्य। | 120 दिन 1,48,44,145/- | 12500/- 74220/- | 23.09.2024 |

नोटः निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://gmc.mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम ग्वालियर

**INDORE SMART CITY DEVELOPMENT LIMITED, INDORE**
Nehru Park Campus, INDORE-452003, Ph. No.: 0731-2535572
E-mail: smartcityindore16@gmail.com, Website: www.smartcityindore.org

NIT No.: 09/ISCDL/2024-25 **NOTICE INVITING TENDER** Date : 24.08.2024

Online Lumpsum rate tenders are invited for following works. Tender forms may be purchased online by the eligible contractors / Firms registered with the Government of Madhya Pradesh from public procurement portal: www.mptenders.gov.in

| S. No. | Name of Work | Reserve Price | Cost of Tender Form | Earnest Money Deposit (2.5% of Reserve Price) | Duration of work (Months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal for selection of Bidder For "Construction of Seven (7) Nos. Decentralized Sewerage Treatment Plants (STP) of Total Capacity 260 MLD at Identified Seven (7) Locations Within The Municipal Boundary of Indore Municipal Corporation" Under The Prescribed Model In The Re-densification Policy Of GOMP Including Freehold Sale Of 64,628.238 Sq. M. Land (part of Kukkut Palan Kendra Land Parcel) as compensatory land parcel (CLP) | ₹ 4,60,32,38,952/- (Four Hundred Sixty Crores Thirty Two Lakhs Thirty Eight Thousand Nine Hundred Fifty Two Only) | ₹ 50,000/- (Fifty Thousand Only) | ₹ 11,50,81,000/- (Eleven Crore Fifty Lakhs Eighty One Thousand Only) | Execution Period: 21 (Twenty-One) + Operation & Maintenance Period: 60 (Sixty) |

**Key Dates:**

| S.No. | Description | Date and Time |
|---|---|---|
| 1. | Document download start date (Online) | 29.08.2024 from 1630 Hrs. |
| 2. | Last date for Purchase of Tender (Online) | 24.09.2024 till 1730 Hrs. |
| 3. | Last date for submission of tender (Online) | 24.09.2024 till 1730 Hrs. |
| 4. | Technical bid opening (Online) | 25.09.2024 from 1730 Hrs. |
| 5. | Pre-Bid Meeting | 11.09.2024 at 1200 Hrs. Venue: Board Room - Indore Smart City Development Limited, Nehru Park, Indore |

**Notes:**
- Tender Document and other details shall be available on Website: www.mptenders.gov.in
- Amendment to NIT, if any would be published on website only.
- The EMD shall be deposited online through portal via Debit card/ Credit card/ Net Banking or System Generated Challan.
- In case any of the dates specified above is Government holiday, day after the same shall be considered.
- For Any Clarification/ Site Visits; Bidders may Contact at : 0731-2535572, smartcityindore16@gmail.com

**Chief Executive Officer**
**Indore Smart City Development Limited, Indore**

हिन्दुस्तान
**Hindustan Media Ventures Limited**
**Registered Office:** Budh Marg, Patna – 800001
**Ph.:** 0612 222 3434;
**Corporate Office:** 5th Floor, Lotus Tower, A Block, Community Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025
**Ph.:** 011 6656 1234; **E-mail**: hmvlinvestor@livehindustan.com;
**Website:** www.hmvl.in
**CIN:** L21090BR1918PLC000013

**(14th POST- IPO) ANNUAL GENERAL MEETING OF HINDUSTAN MEDIA VENTURES LIMITED**

Notice is hereby given that the **14th Annual General Meeting (Post-IPO) ('AGM')** of **Hindustan Media Ventures Limited** is scheduled to be held on **Thursday, September 26, 2024 at 11:00 AM (IST)** through Video-Conferencing/ Other Audio-Visual Means **('VC/OAVM')** without the physical presence of the Members at a common venue, pursuant to recent circulars dated September 25, 2023 issued by the Ministry of Corporate Affairs **('MCA Circular')** and circular dated October 7, 2023 issued by Securities and Exchange Board of India **('SEBI Circular')**, to transact the business set out in Notice convening the AGM. Registered Office of the Company shall be deemed to be the venue of this AGM.

In compliance with the above-mentioned MCA & SEBI Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Notice of the AGM along with the Annual Report for FY 2023-24 will be sent only by electronic mode to those Members whose email addresses are registered with the Company/Depository Participants/Registrar and Share Transfer Agent ('RTA').

**Manner of registering/updating email address:**

a. Members holding shares in physical form and who have not registered/ updated their KYC details including e-mail id with the Company or RTA, may register/update such details by downloading the relevant forms from the said link **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** and sending the same physically along with the request letter duly filled with the details therein and attaching such documents as required in the forms to KFin Technologies Limited, Unit: **Hindustan Media Ventures Limited**, Ramky Selenium Building, Tower B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy, Telangana, India-500032

b. Members holding shares in dematerialized mode and have not registered/ updated their e-mail address, can register/update their email address with the Depository Participants where they maintain their demat accounts.

Pursuant to recent SEBI Circular, SEBI has mandated all listed companies to record PAN, Nomination, Contact details, Bank A/c details and Specimen signature for their corresponding folio numbers of holders of physical securities. Relevant details and prescribed forms in this regard are available on website of the Company at **www.hmvl.in** .

The Company is providing the facility to the Members to exercise their right to vote by electronic means (i.e. remote e-voting and e-voting during the AGM) on the resolutions set forth in the Notice of the AGM and has engaged the services of National Securities Depositories Limited (NSDL) to facilitate voting though electronic voting system. The instructions for joining the AGM through VC/OAVM and the process of e-voting (including the manner in which Members holding shares in physical form or who have not registered their e-mail address can cast their vote through e-voting i.e. remote e-voting and e-voting during the AGM), forms part of the Notice of the AGM.


Any person who acquires share(s) and becomes Member of the Company after the date of dispatch of Notice of the AGM and holding shares as on the **cut-off date i.e. Thursday, September 19, 2024**, may obtain the Login ID and Password by following the instructions as mentioned in Notice of the AGM or sending a request to NSDL at **evoting@nsdl.com**.

Notice convening the AGM and Annual Report for FY 2023-24 will also be available on the website of the Company at **www.hmvl.in**; websites of the stock exchanges where shares of the Company are listed viz. BSE Limited at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com** and website of NSDL at **www.evoting.nsdl.com** in due course.

For **Hindustan Media Ventures Limited**
**Sd/-**
**Nikhil Sethi**
**(Company Secretary)**

**Date:** August 25, 2024
**Place:** New Delhi


Chart a course to clarity!



Data rich, visual reporting with
Mint Plain Facts
Read only on mint

# कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस में कई सीटों पर पेच फंसा

समीकरण



**90** विधानसभा सीट हैं जम्मू कश्मीर में

**24** सीट पर चुनाव होना है पहले चरण में

**16** सीट घाटी की और 8 सीट जम्मू की शामिल हैं

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन में सिर्फ दो दिन बाकी है, पर अभी तक कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच सीट को लेकर जोर आजमाइश जारी है। कांग्रेस जहां अपने तमाम बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने के लिए उनकी परंपरागत सीट पर अपनी दावेदारी कर रही है, वहीं नेशनल कांफ्रेंस फिलहाल तैयार नहीं है।

कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) में सबसे ज्यादा टकराव कश्मीर की सीटों को लेकर है। कश्मीर में कांग्रेस करीब एक दर्जन सीट पर दावेदारी कर रही है। दोनों पार्टियों के बीच जोर आजमाइश पहले चरण की चार सीट को लेकर है। यही वजह है कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने अभी तक उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सीट को लेकर कांग्रेस और नेका के बीच चर्चा जारी है। नेशनल कांफ्रेंस करीब 30 सीट कांग्रेस को देने के लिए तैयार है। कांग्रेस 40 सीट पर दावेदारी कर रही है, पार्टी 35 सीट पर रजामंद हो सकती है। पर सीट की संख्या से ज्यादा महत्वपूर्ण सीटों को लेकर पेंच फंसा है। क्योंकि, कांग्रेस बनिहाल, दुरु और काकौर नाग (एसटी) चाहती है। बनिहाल से कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी और दुरु से पार्टी महासचिव गुलाम अहमद मीर को चुनाव मैदान में उतारना चाहती है। वर्ष 2014 के चुनाव में मीर दुरु सीट पर पीडीपी के उम्मीदवार से 161 वोट से हार गए थे। वहीं, काकौरनाग सीट से पीरजादा मोहम्मद सैयद चुनाव लड़ते रहे हैं। हालांकि, 2014 के चुनाव में वह एनसी उम्मीदवार से हार गए थे। परिसीमन में काकौर नाग सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई है, पर कांग्रेस इस सीट को छोड़ने के बजाए यहां से किसी एसटी उम्मीदवार को टिकट देना चाहती है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि नेकां के साथ सीट को लेकर सहमति नहीं बनती है तो फ्रेंडली फाइट का विकल्प भी खुला है। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने घाटी में दो सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि छह सीट पर पार्टी दूसरे नंबर पर रही थी।


जम्मू कश्मीर की 90 सीट के लिए पहले चरण में 24 सीट पर चुनाव होगा। इनमें कश्मीर घाटी की 16 और जम्मू की 8 सीट शामिल है। पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई और 27 अगस्त अंतिम तिथि है। इन सीट पर 18 सितंबर को वोट डाले जाएगें। वोट की गिनती चार अक्तूबर को होगी।

## आप ने घोषित किए सात उम्मीदवार

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमाने जा रही आम आदमी पार्टी ने 7 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची भी रविवार को जारी की है।

आप की तरफ से रविवार को जारी की गई सूची में फैयाज अहमद सोफी को पुलवामा, मुद्दसिर हसन को राजपोरा, शेख फिदा हुसैन को देवसर, मोहसिन शफकत मीर को दुरु, डोडा से महराज दिन मलिक, पश्चिम डोडा से याशिर सफी और बनिहाल से मुद्दसिर अजमत मीर को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

## देश 30s



झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को रांची में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। ● एएनआई

### जेईआई से प्रतिबंध हटे : मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने रविवार को कहा कि जमात–ए–इस्लामी (जेईआई) द्वारा जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा पर प्रतिबंध लगाना एक अच्छा कदम है, लेकिन संगठन पर प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जब भारत सरकार उन सांप्रदायिक संगठनों पर प्रतिबंध नहीं लगा रही जो देश में जहर फैला रहे हैं, तो फिर जमात–ए–इस्लामी पर प्रतिबंध क्यों लगाया जा रहा है।

### जनगणना पर टिप्पणी को लेकर कटाक्ष किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जनगणना पर टिप्पणी के लिए रविवार को गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष किया। शाह ने शनिवार को कहा था कि जनगणना उचित समय पर होगी और जब इस बारे में निर्णय हो जाएगा, तब इसकी घोषणा की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, वाह! जनगणना पर इतनी स्पष्टता जिसमें पहले ही तीन साल से अधिक की देरी हो चुकी है।

### घरेलू आय में गिरावट पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि धीमी वेतन वृद्धि और बढ़ती महंगाई के कारण वास्तविक घरेलू आय में अभूतपूर्व गिरावट आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, एक जानी–मानी ब्रोकरेज कंपनी की नई रिपोर्ट ने एक बार फिर उस सच्चाई को सामने ला दिया है, जिसे केंद्र सरकार लगातार नकारती रही है।

### डीपीएपी ने 13 उम्मीदवार घोषित किए

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने रविवार को जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 13 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के महासचिव (संगठन) आरएस चिब ने नामों की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद द्वारा गठित पार्टी के लिए यह पहला विधानसभा चुनाव होगा।

### भाजपा ने 'मिला क्या' अभियान लांच किया

**रांची।** भाजपा ने रविवार को राज्य सरकार के खिलाफ 'मिला क्या' अभियान लांच किया। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने अभियान लांच करते हुए कहा कि जिन वादों के बलबूते हेमंत सोरेन सत्ता में आए उन्हें पूरा नहीं कर पाए हैं। आज पूरा झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछ रहा है कि हमें तो नहीं मिला आपको मिला क्या।

### 'केंद्र बाढ़ प्रभावित त्रिपुरा को विशेष पैकेज दे'

**अगरतला।** कांग्रेस की त्रिपुरा इकाई (टीपीसीसी) ने राज्य में विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए रविवार को केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की। कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा, बाढ़ से हुई क्षति बहुत बड़ी है। शनिवार को हुई सर्वदलीय बैठक में हमने राज्य के पुनर्निर्माण और इसके लोगों के लिए मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष कुछ प्रस्ताव रखे।

### देश को तोड़ना चाहती है कांग्रेसः आचार्य प्रमोद

**संभल।** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम एक बार फिर कांग्रेस पर हमलावर रहे। रविवार को उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पाकिस्तान से मोहब्बत करने वालों से ज्यादा मोहब्बत करते हैं। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए प्रमोद कृष्णम ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को लेकर कांग्रेस का व्यवहार ठीक नहीं है।

## पहली सूची में पहले दो चरणों के उम्मीदवारों और प्रमुख नेताओं के नाम की घोषणा संभव

# जम्मू-कश्मीर में कौन होंगे मैदान के महारथी, भाजपा ने मंथन किया



भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पार्टी मुख्यालय पहुंचे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा। ● प्रेट्र

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने रविवार रात जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मंथन किया। इसमें पार्टी ने तीनों चरणों के उम्मीदवारों और प्रमुख नेताओं की सीटों को लेकर चर्चा की है। पहली सूची में पहले दो चरणों के उम्मीदवारों और प्रमुख नेताओं के नाम की घोषणा किए जाने की संभावना है।

जम्मू कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा राज्य में अपनी रणनीति को मजबूत करने के लिए हाल में ही पूर्व महासचिव राम माधव को संघ से वापस बुलाकर चुनावी रणनीति कमान सौंपी है। उसकी कोशिश जम्मू क्षेत्र में कांग्रेस से सीधे मुकाबले के साथ घाटी की सीटों पर बहुकोड़ीय संघर्ष की स्थिति बनाने की है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने रविवार रात बैठक में अधिकांश सीटों पर नाम तय कर लिए हैं। सूत्रों के अनुसार पहली सूची में पहले दो चरणों की उम्मीदवारों के साथ प्रमुख नेताओं के नाम को शामिल किया जा सकता है। इस सूची में 50 से 60 उम्मीदवारों की घोषणा किए जाने की संभावना है।

**घाटी में उम्मीदवार उतारेगी भाजपाः** चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य और राज्य के प्रमुख नेता मौजूद रहे। गौरतलब है कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जम्मू कश्मीर की 5 सीटों में से जम्मू क्षेत्र की दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कश्मीर घाटी में दो सीट नेशनल कांफ्रेंस को और एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार को मिली थी। भाजपा ने घाटी में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे, लेकिन अब वह कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और कुछ सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों का परोक्ष रूप से समर्थन कर सकती है।

देर रात तक चली बैठक के दौरान जम्मू कश्मीर की सभी 90 सीटों को लेकर मंथन किया गया।

# हमारा-पीडीपी का एजेंडा एक, वादा पूरा करें महबूबा:उमर

जम्मू-कश्मीर

**गांदरबल (जम्मू कश्मीर), एजेंसी।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि जो बातें हमारे घोषणापत्र में हैं, वही पीडीपी के घोषणापत्र में हैं। इससे साबित होता है कि दोनों दलों का एजेंडा एक है। अब अपने वादे के अनुसार कांग्रेस-नेकां गठबंधन के प्रत्याशियों के सामने पीडीपी उम्मीदवार न उतारे।

ज्ञात हो कि शनिवार को पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि यदि कांग्रेस-एनसी पीडीपी का एजेंडा स्वीकार कर लेती है तो उनकी पार्टी गठबंधन के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारेगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में नेकां कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

अब्दुल्ला ने कहा कि नेकां ने विधानसभा चुनाव के लिए एक व्यापक घोषणापत्र तैयार किया है, जिसकी पीडीपी सहित कई दलों ने नकल की है। दूसरों को कुछ अंतर रखना चाहिए था। इससे पहले, नेकां कार्यकर्ताओं ने अब्दुल्ला से विधानसभा चुनाव न लड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में नारे लगाए और अब्दुल्ला से पारिवारिक गढ़ गांदरबल से चुनाव लड़ने की अपील की।

### अब्दुल्ला ने अमित शाह को शुक्रिया कहा



अब्दुल्ला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं अपने घोषणापत्र के बारे में बात करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। देश के दूरदराज इलाके में चुनाव लड़ रही एक छोटी सी पार्टी के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि देश के गृह मंत्री ने हमारा घोषणापत्र देखा है।

**अनुच्छेद 370 की बहाली असंभव :** भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों एनसी और पीडीपी के लिए अनुच्छेद 370 की बहाली सुनिश्चित करना असंभव है। वे अपने घोषणापत्र में इसकी गारंटी देकर लोगों को मूर्ख बना रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में जम्मू-कश्मीर महिला मोर्चा की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए श्रीनिवासन ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश की युवा पीढ़ी शांतिपूर्ण जीवन और विकास चाहती है, जिसे केवल भाजपा ही सुनिश्चित कर सकती है।

## 'विधायकों को 100 करोड़ ऑफर किए'

**मांड्या (कर्नाटक), एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस के विधायक रविकुमार गौड़ा ने रविवार को विपक्षी दल भाजपा पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया।

गौड़ा ने कहा कि भाजपा ऑपरेशन लोटस के तहत 100 करोड़ रुपये की पेशकश कर कांग्रेस विधायकों को लुभाने का प्रयास कर रही है। मांड्या से कांग्रेस विधायक गौड़ा ने कहा कि भले ही भाजपा विधायकों को लालच देकर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कोई भी विधायक उसके झांसे में आने वाला नहीं है।

## सपा-कांग्रेस से भविष्य में गठबंधन नहीं : मायावती



कांग्रेस-सपा और भाजपा को बताया आरक्षण विरोधी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह पूरी तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस और सपा के साथ भविष्य में अब किसी भी चुनाव में कोई भी गठबंधन नहीं होगा। मायावती ने कहा कि आरक्षण विरोधी इन दोनों पार्टियों से गठबंधन करना एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के हित में कतई उचित नहीं होगा। इन जातियों को अब खुद अपने दम पर खड़े होने की जरूरत है। बसपा की यही इनको सलाह है।

बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि शनिवार को प्रयागराज में संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस को डा. भीमराव अंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के आने से पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार में राष्ट्रीय जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई। इनको अब इस पर भी जवाब देना चाहिए।

## 40 महिलाओं को जिताकर भेजेंगे विधानसभा : पीके

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि अगले चुनाव में वे अपनी पार्टी से कम-से-कम 40 महिलाओं को जिताकर बिहार विधानसभा भेजेंगे।

वे पटना के बापू सभागर में रविवार को आयोजित जन सुराज महिला संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से कहा कि आपको संसाधन मैं दूंगा, आपको राजनीति के गुण भी दूंगा। आप डरिए मत अपने भाई प्रशांत पर भरोसा कीजिए।

## 'संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग किया'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना एक ऐतिहासिक निर्णय था। इसने जम्मू-कश्मीर की बड़ी आबादी को नागरिकता का अधिकार दिलाया। एक कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समर्थकों ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग किया। पंचायत अधिनियम के 73वें और 74वें संशोधन को केंद्र की कांग्रेस सरकार ने पेश किया था, लेकिन राज्य में उसी गठबंधन सरकार ने इसे जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किया।

## बीमा प्रीमियम पर जीएसटी मध्य वर्ग पर भार: टीएमसी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अगले महीने होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक से पहले स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम से जीएसटी को हटाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता एवं सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीमातरण को पत्र लिखकर स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम पर ली जा रही 18 फीसदी जाएसटी की समीक्षा कर वापस लेने का अनुरोध किया है। इससे पहले 22 अगस्त को दिल्ली में हुई जीएसटी बैठक को तर्कसंगत बनाने संबंधी कमेटी की बैठक में बंगाल की वित्त मंत्री ने इस मुद्दे को उठाया था। डेरेक ओ ब्रायन ने पत्र में कहा है, जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी ली जा रही है, यह देश के उन मध्यवर्गीय 45 करोड़ लोगों पर भार है। यह उन लोगों पर बोझ है, जो बीमारी, दुर्घटना और आकस्मिक निधि की स्थिति से अपने और परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए बीमा कराते हैं। उन्होंने जीएसटी हटाने की मांग को लेकर संसद के बाहर विपक्षी दलों के विरोध का भी पत्र में उल्लेख किया है।

## 'ओबीसी आरक्षण का लाभ खत्म करने की कोशिश'



सपा प्रमुख ने बीपी मंडल को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने पर आमादा है। मंडल आयोग की सिफारिशों से 52 प्रतिशत आबादी के मिले आरक्षण का लाभ खत्म करना चाहती है। भाजपा संविधान के लिए भी खतरा बन गई है।

अखिलेश यादव ने रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती के मौके पर पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच ये बातें कहीं। अखिलेश यादव ने बीपी मंडल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि एक सांसद के रूप में उन्होंने दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के रूप में जो रिपोर्ट दी वह 1990 में लागू हुई उसने भारतीय आबादी के एक हिस्से को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के रूप में संगठित किया।

# नमो ऐप के जरिए जनता को जोड़ेगी भाजपा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भाजपा एक सितंबर से अपना सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है, जिसमें नमो ऐप की अहम भूमिका होगी। पार्टी ने जिन चार तरीकों से सदस्यता अभियान के जरिए लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है, उसमें नमो ऐप भी शामिल है। ऐप में कई फीचर भी जोड़े गए हैं, जो सरकार से जुड़े कामों को बताएंगे और आपकी राय भी लेंगे।

मौजूदा समय में नमो ऐप के करीब सवा दो करोड़ सक्रिय सदस्य हैं। हालांकि बीते पांच छह माह के दौरान इस संख्या में कोई बड़ा अंतर नहीं आया है। चुनाव के बाद सक्रिय सदस्यों की संख्या में मामूली बदलाव आया है। ऐप के जरिए आप सरकार द्वारा किए जा रहे कामों व खबरों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

**सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ सकते हैं :** ऐप के माध्यम से प्रधानमंत्री से जुड़े कार्यक्रमों को सीधे सुन व देख सकते हैं। सीधे प्रधानमंत्री से भी जुड़ सकते हैं। इसके लिए ऐप में नमो एआई नाम को फीचर अलग से दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस बार के सदस्यता अभियान में नमो ऐप की अहम भूमिका होगा।

भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को सदस्यता अभियान का संयोजक और पार्टी की उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को सह-संयोजक नियुक्त किया है।

**चरणबद्ध तरीके से चलेगा अभियान :** बताया जा रहा है कि पहले सदस्य के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फॉर्म भर सकते हैं। अभियान 10 नवंबर तक चलेगा। एक से 25 सितंबर तक पहला चरण और एक से 15 अक्तूबर तक दूसरा चरण होगा। उसके बाद 16 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता का अभियान चलेगा। वहीं, एक नवंबर से 10 नवंबर तक प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता का रजिस्टर तैयार किया जाएगा।

### दस करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

भाजपा का पिछला पूर्ण सदस्यता अभियान 2014–15 में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के कार्यकाल में चलाया गया। 5–6 महीने चले अभियान से 11 करोड़ सदस्य बनाए गए थे। उस वक्त पार्टी ने पहली बार मिस्ड कॉल से सदस्यता अभियान चलाया था। इसके बाद 2019 में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिससे सात करोड़ सदस्य बने, जिसके बाद पार्टी की सदस्य संख्या 18 करोड़ तक पहुंच गई थी। अब पार्टी अपना पूर्ण सदस्यता अभियान एक सितंबर से शुरू करने जा रही है, जिसके तहत पार्टी ने अभी 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।


## सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै 600 038

**निविदा सूचना सं. सडिका/बिजली/निर्माण 2024-25 दिनांक 26.08.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/ अनु/शेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं–

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपये लाख में) | बयाना राशि रुपये में | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 2024245211527 | ईएल –ए.एम.सी–2024-25-62 234 अदद एमआईजी–एमएजी सिनर्जिक पल्स इनवर्टर और केम्पी निर्मित 10 अदद एचआईएआरसी आधारित वेल्डिंग सेट के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध | 34.68 | 69,400/- | 25.09.2024 को 15.30 बजे |

आवेदन जमा करने की वेबसाइट : www.ireps.gov.in

## भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

### राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों की नीलामी

निम्नलिखित राज्य सरकार ने कुल ₹**36,250/– करोड़ (अंकित मूल्य)** की राशि के लिए नीलामी के माध्यम से प्रतिभूतियों की बिक्री करने का प्रस्ताव किया है।

| क्रम सं. | राज्य/कें. प्र. | अधिसूचित राशि (₹ करोड़) | अतिरिक्त अंशदान विकल्प (₹ करोड़) | अवधि (वर्षों में) | नीलामी का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1,000 | – | 12 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | – | 17 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | – | 22 | प्रतिफल आधारित |
| 2 | असम | 1,000 | – | 15 | प्रतिफल आधारित |
| 3 | बिहार | 2,000 | – | 09 | प्रतिफल आधारित |
| 4 | गोवा | 150 | – | 10 | प्रतिफल आधारित |
| 5 | हरियाणा | 1,000 | – | 12 | प्रतिफल आधारित |
| 6 | जम्मू और कश्मीर | 400 | – | 30 | प्रतिफल आधारित |
| 7 | केरल | 1,000 | – | 15 | प्रतिफल आधारित |
| | | 2,000 | – | 35 | प्रतिफल आधारित |
| 8 | मध्य प्रदेश | 2,500 | – | 14 | प्रतिफल आधारित |
| | | 2,500 | – | 21 | प्रतिफल आधारित |
| 9 | महाराष्ट्र | 1,500 | – | 10 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,500 | – | 15 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,500 | – | 20 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,500 | – | 25 | प्रतिफल आधारित |
| 10 | मणिपुर | 200 | – | 12 | प्रतिफल आधारित |
| 11 | पंजाब | 1,500 | – | 12 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | – | 13 | प्रतिफल आधारित |
| 12 | राजस्थान | 1,000 | – | 09 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,500 | – | 10 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | – | 18 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,500 | – | 22 | प्रतिफल आधारित |
| 13 | तमिलनाडु | 1,000 | – | 05 | प्रतिफल आधारित |
| | | 3,000 | – | 30 | प्रतिफल आधारित |
| 14 | पश्चिम बंगाल | 3,000 | – | 25 | प्रतिफल आधारित |
| | **कुल** | **36,250** | | | |

यह नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक की कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई–कुबेर) पर एकाधिक मूल्य पद्धति में **27 अगस्त 2024 (मंगलवार)** को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (**https://rbiretaildirect.org.in**) के माध्यम से गैर–प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (**www.rbi.org.in**) पर **23 अगस्त 2024 (शुक्रवार)** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

"पैसे का वादा करने वाले ई–मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

## हिन्दुस्तान
**हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः** बुद्ध मार्ग, पटना-800001
**फोनः** 0612 222 3434
**निगमित कार्यालयः** 5वाँ तल, लोटस टॉवर, ए-ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली-110025
**फोनः** 011-6656 1234, **ई-मेलः** hmvlinvestor@livehindustan.com;
**वेबसाइटः** www.hmvl.in
**CIN:** L21090BR1918PLC000013

### हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड की (14वीं पोस्ट–आईपीओ) वार्षिक आम बैठक

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 14वीं ए.जी.एम. के आयोजन के नोटिस में निर्धारित कारोबार को सम्पादित करने के लिए, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अद्यतन परिपत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2023 (**'एमसीए परिपत्र'**) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 (**'सेबी परिपत्र'**) के अनुसरण में, **हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड** की **14वीं वार्षिक आम बैठक** (**पोस्ट–आईपीओ**) (**'ए.जी.एम.'**), वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (**'वीसी/ओएवीएम'**) के जरिए, सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, **गुरुवार, 26 सितम्बर, 2024 को पूर्वा. 11.00 बजे (भा.मा.स.)** आयोजित की जाएगी। कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय इस ए.जी.एम. का स्थान माना जाएगा।

उपर्युक्त एमसीए और सेबी परिपत्रों और कम्पनी अधिनियम, 2013 के संबंधित प्रावधानों और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में, वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ ए.जी.एम. का नोटिस, केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा उन सदस्यों को भेजा जाएगा, जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स/पंजीयक और शेयर ट्रांसफर एजेंट (**'आर.टी.ए.'**) में पंजीकृत हैं।

**ईमेल पता को पंजीकृत करने/नवीकृत करने का तरीकाः**

क. जिन सदस्यों ने भौतिक रूप में शेयर रखे हुए हैं और कम्पनी या आर.टी.ए. के पास अपना ई-मेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, कथित लिंक **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** से संबंधित प्रपत्रों को डाउनलोड करके ऐसे विवरण पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं और अनुरोध पत्र जिसमें विधिवत विवरण भरा हो और प्रपत्रों में आवश्यक दस्तावेज संलग्न हों, उसे भौतिक रूप से केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, यूनिटः **हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**, रामकी सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत-500032 को भेज सकते हैं।

ख. जिन सदस्यों ने डिमैटिरियलाइज्ड रूप में शेयर रखे हुए हैं और अपना ई-मेल पता पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, उस डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट्स के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं, जहाँ वे अपने डिमैट खाते रखते हैं।

सेबी परिपत्र के अनुसरण में, सेबी ने भौतिक प्रतिभूतियों के धारकों के पैन, नामांकन, सम्पर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और उनके तदनुरूपी फोलियो नम्बर्स हेतु नमूना हस्ताक्षर की रिकार्ड रखना सभी सूचीबद्ध कम्पनियों को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में प्रासंगिक विवरण और निर्धारित प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट **www.hmvl.in** पर उपलब्ध हैं।

कम्पनी अपने सदस्यों को ए.जी.एम. के नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (यानी रिमोट ई-वोटिंग और ए.जी.एम. के दौरान ई-वोटिंग) द्वारा वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट देने की सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपॉजिटरीज़ लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.) की सेवा ली गई है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ए.जी.एम. में शामिल होने हेतु अनुदेश और ई-वोटिंग का प्रक्रिया (जिसमें वह तरीका शामिल है जिसमें वे सदस्य जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं या जिनके ई-मेल पते पंजीकृत नहीं है, ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट दे सकते हैं यानी रिमोट ई-वोटिंग और ए.जी.एम. के दौरान ई-वोटिंग), ए.जी.एम. के नोटिस का भाग होगा।

कोई भी व्यक्ति जिनके पास शेयर हैं और ए.जी.एम. के नोटिस के प्रेषण की तिथि के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और **कट-ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 19 सितम्बर, 2024** को शेयर रखता है, ए.जी.एम. के नोटिस में अंकितानुसार अनुदेशों का पालन करके अथवा एन.एस.डी.एल. को **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

ए.जी.एम. के आयोजन का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, कम्पनी की वेबसाइट **www.hmvl.in**; स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध किए गए हैं, की वेबसाइटों यानी बी.एस.ई. लिमिटेड **www.bseindia.com** में और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** में और बाद में एन.एस.डी.एल. की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** में भी उपलब्ध होंगे।

कृते **हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**
**हस्ता./–**
**निखिल सेठी**
**(कम्पनी सचिव)**

**दिनांकः** 25 अगस्त, 2024
**स्थानः** नई दिल्ली